प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला

06.09.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

प्रधानमंत्री ट्रम्प–बयान

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि वे अमरीका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की भावनाओं का पूर्ण रूप से सम्मान करते हैं और भारत–अमरीका संबंधों के सकारात्मक आकलन की गहराई से सराहना करते हैं। प्रधानमंत्री ने ट्रम्प के हालिया बयानों पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि भारत और अमरीका की साझेदारी बहुत ही सकारात्मक और दूरदर्शी है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के संबंध व्यापक और वैश्विक स्तर पर रणनीतिक हैं। ट्रम्प ने कल रात वाशिंगटन में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि भारत और अमरीका के बीच विशेष संबंध हैं और इन्हें लेकर दोनों देशों में चिंता की कोई बात नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि नरेन्द्र मोदी एक महान प्रधानमंत्री हैं और वे हमेशा उनके मित्र रहेंगे।

जयराम ठाकुर

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा है कि आपदा की इस घड़ी में राज्य सरकार को प्रभावितों की मदद करने पर ध्यान केन्द्रित करना चाहिए और कई स्थानों पर सरकार की ओर से कोई सहायता नहीं पहुंच पाई है। कुल्लू में आज एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 में हुई आपदा के लिए केन्द्र सरकार ने 5 हज़ार एक सौ 50 करोड़ रूपये दिए हैं लेकिन प्रदेश की कांग्रेस सरकार इस बारे में तथ्यहीन बयानबाजी कर रही है। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में इस बार प्राकृतिक आपदा से जान–माल को भारी क्षति पहुंची है और राज्य सरकार को राहत व बचाव कार्यों में तेज़ी लानी चाहिए। नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि एक ओर जहां भाजपा कार्यकर्ता प्रभावित क्षेत्रों में जाकर राहत कार्यों में जुटे हैं वहीं कांग्रेस पार्टी कहीं नजर नहीं आ रही है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार हर वर्ष ग्रामीण सड़कों के निर्माण व इन्हें दुरूस्त करने के लिए 3 हज़ार करोड़ रूपये से अधिक की धनराशि दे रही है। जयराम ठाकुर ने बंजार क्षेत्र में आपदा प्रभावित इलाकों का दौरा कर लोगों का दुख–दर्द बांटा। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को राष्ट्रीय उच्च मार्ग 305 को युद्धस्तर पर खोलने के निर्देश दिए। ये सड़क बंजार विधानसभा क्षेत्र को सराज के बालीचौकी और आनी व रामपुर से जोड़ती है।

बचाव अभियान

चंबा जिले में मणिमहेश यात्रा के दौरान फंसे लगभग 16 हज़ार यात्रियों को सुरक्षित चंबा पहुंचाने के साथ ही आज प्रशासन का बचाव अभियान संपन्न हो गया है। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि आज वायु सेना के हैलीकॉप्टर के माध्यम से 64 यात्रियों को चंबा पहुंचाया गया। उन्होंने बताया कि यात्रा के दौरान कुल 17 यात्रियों की मृत्यु हुई है जिनके शव चंबा पहुंचाए गए हैं।

कुल्लू हादसा

कुल्लू के अखाड़ा बाजार क्षेत्र में भूस्खलन हादसे में जान गवाने वाले तीन लोगों के पार्थिव शरीर आज सुबह श्रीनगर पहुंचा दिए गए हैं। उपायुक्त तोरूल एस. रवीश ने बताया कि खराब मौसम के कारण हैलीकॉप्टर सेवा संचालित नहीं हो सकी इसलिए इन्हें सड़क मार्ग द्वारा भेजा गया। बचाव दल को आज अखाड़ा बाजार क्षेत्र में मलबे में दबे एनडीआरएफ के एक जवान का शव निकालने में कामयाबी मिली। जवान की पहचान नरेन्द्र के रूप में की गई है। उपायुक्त ने बताया कि इस घटना में 8 लोग मलबे में दब गए थे जिनमें से 6 लोगों के शव निकाले जा चुके हैं जबकि दो अन्य शवों की तलाश के लिए अभियान युद्धस्तर पर जारी है।

दुर्घटना

ऊना ज़िले के गगरेट के पास एक एम्बुलेंस के गहरी खाई में गिरने से तीन लोगों की मृत्यु हुई है जबकि दो अन्य लोग घायल हैं। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इस हादसे पर दुख जताते हुए कहा है कि राज्य सरकार प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी है और उन्हें हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने भी इस दुर्घटना पर गहरा दुख जताया।